उपलब्धि | शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल समेत सभी क्षेत्र में युवाओं को मिला रोजगार

# सात साल में 6.50 लाख से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने सात साल में पारदर्शिता से 6.50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव के पहले फरवरी और मार्च में नियुक्ति पत्र वितरित किया तो चुनाव के बाद 10 जुलाई को 7720 युवाओं को लेखपाल पद पर नियुक्ति पत्र बांटा। जल्द ही कई अन्य विभागों में चयनित युवाओं को मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

2022 में दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री का फोकस युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का रहा है। उन्होंने अपने कार्यक्रमों में भी कहा था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है। इसमें सामान्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के

## सरकार ने रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी शुरू किए

रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को भी शुरू किया गया है। माध्यमिक शिक्षा में भी इस अभियान को आगे बढ़ाया है। इसमें सामान्य पाठ्यक्रम को जारी रखते हुए पैरामेडिकल, ड्रोन टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिसिस, थ्रीडी प्रिंटिंग आदि सर्टिफिकेट कोर्स से छात्रों को जोड़ा जा रहा है।

इसके लिए पहले से ही व्यवसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक बदलाव हो रहे हैं। सीएम ने पिछले साल नौ जून को 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिया। वहीं 10 जून को पीजीआई में नवचयनित 1442 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र दिया।

18 जुलाई को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1573 एएनएम को नियुक्ति पत्र भी दिया गया।

## दूसरे कार्यकाल के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

■ **10 जुलाई 2024:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7720 लेखपालों को किया नियुक्ति पत्र वितरण ■ **14 मार्च 2024:** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित 39 एसडीएम, 41 पुलिस उपाधीक्षक, 16-कोषाधिकारी/लोकाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र, परीक्षा के 9 माह के भीतर नियुक्ति पत्र दिया गया ■ **25 फरवरी 2024:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग व विद्युत सेवा आयोग द्वारा 1782 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया ■ **9 जून 2023:** 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण ■ **10 जून 2023:** एसजीपीजीआई में नवचयनित 1442 स्टॉफ नर्सों को दिया नियुक्ति पत्र ■ **17 जून 2023:** 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र व 232 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का किया वितरण ■ **6 जुलाई 2023:** लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 1148 पदों पर नियुक्ति पत्र वितरण ■ **8 जुलाई 2023:** सीएम योगी ने लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 227 आरक्षियों को दिया नियुक्ति पत्र ■ **13 जुलाई 23:** 199 समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (सचिवालय प्रशासन विभाग), 183 कनिष्ठ सहायक (परिवहन विभाग) एवं 128 कनिष्ठ सहायक (निर्वाचन विभाग) समेत कुल 510 को नियुक्ति पत्र वितरण ■ **15 जुलाई 23:** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 400 नवचयनित को नियुक्ति पत्र ■ **18 जुलाई 2023:** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1573 एएनएम को नियुक्ति पत्र ■ **20 जुलाई 2023:** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभाग के 700 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया ■ **23 अगस्त 2023:** खेल कोटे से 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र दिया ■ **5 दिसंबर 2023:** 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स व 48 आयुष चिकित्सा शिक्षक को नियुक्ति पत्र वितरण ■ **3 दिसंबर 2023:** 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण